वेबसाईट : www.abvp.org पंजीकृत क्रमांक : S-385/1949-50

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद

केंद्रीय कार्यालय– 3, मार्बल आर्च, सेनापती बापट मार्ग, माटुंगा रोड (प.रे.), माहिम, मुंबई - 400016.
दूरभाष :(022) 24306321 / 24378866 फैक्स :24313938 ई–मेल : abvpkendra@gmail.com

दिनांक: 26 अप्रैल 2023

-:प्रेस विज्ञप्ति:-

157 नए नर्सिंग कॉलेज खोलने संबंधी कैबिनेट का निर्णय स्वागतयोग्य: अभाविप।

कैबिनेट द्वारा 157 नए नर्सिंग कॉलेज खोलने के निर्णय का अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) स्वागत करती है। वर्तमान में चिकित्सा आवश्यकताओं के अनुरूप देश के मेडिकल शिक्षा क्षेत्र को उन्नत करने की दिशा में शीघ्रता से प्रयास करने की आवश्यकता है। अभाविप की मांग है कि देश के सभी जिलों में मेडिकल शिक्षा क्षेत्र की सीटों की बढ़ोतरी तथा बुनियादी ढांचे के विकास की दिशा में पारदर्शिता तथा गुणवत्तापूर्ण कार्य सरकार शीघ्रता से करे।

अभाविप के राष्ट्रीय महामंत्री श्री याज्ञवल्क्य शुक्ल ने कहा कि, "देश में 157 नए नर्सिंग कॉलेज खोलने का निर्णय स्वागतयोग्य तथा वर्तमान की चिकित्सा आवश्यकताओं को पूर्ण करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। देश के विभिन्न जिलों में अधिक नर्सिंग सीटों की उपलब्धता होने से विद्यार्थियों को भी लाभ होगा तथा देश के चिकित्सा ढांचे में सुधार की दिशा में भी यह कदम महत्वपूर्ण है। देश की जनसंख्या के अनुपात में चिकित्सा क्षेत्र में प्रशिक्षित पेशेवरों की आवश्यकता पूर्ण करने की दिशा में शीघ्र ऐसे ही निर्णय लिए जाने चाहिए।"

अभाविप के आयाम मेडिविजन के राष्ट्रीय संयोजक श्री अभिनंदन बोकरिया ने कहा कि, "देश के प्रत्येक जिले में मेडिकल कॉलेज खोले जाने चाहिए तथा मेडिकल शिक्षा की फीस आम भारतीयों की आर्थिक सुविधानुसार होनी चाहिए। नए नर्सिंग कॉलेज की घोषणा शीघ्रता से ज़मीनी धरातल पर उतरनी चाहिए तथा निर्धारित समयावधि में निर्माण कार्य पूर्ण होकर ये नर्सिंग कॉलेज संचालित हों। अभाविप सरकार से मांग करती है कि पहले से ही संचालित नर्सिंग कॉलेजों और मेडिकल कॉलेजों में विश्वस्तरीय शोध तथा सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित हो।"

(यह प्रेस विज्ञप्ति केंद्रीय कार्यालय मंत्री श्री दिगंबर पवार द्वारा जारी की गयी है।)